Need to include Baghpat district in Khelo India Programme and accord permission for construction of a stadium-Laid

डॉ. राजकुमार सांगवान (बागपत) : खेलों के माध्यम से मानसिक और शारीरिक विकास के साथ ही खेल प्रतिभाओं को सामने लाने और उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने जाने के लिए एक स्वस्थ खेल वातावरण का होना आवश्यक है । खेलो इंडिया के तहत आज कई स्थानों पर स्टेडियमों का निर्माण कर उन्हें सुविधायुक्त बनाया जा रहा है । वहीं खेल प्रतिभाओं को भी प्रदर्शन करने का मौका मिला है । मेरे संसदीय क्षेत्र बागपत में भी खेलों के प्रति काफी रुझान है, परंतु उच्च स्तरीय खेल स्टेडियम नहीं होने के कारण उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका नहीं मिल पा रहा है । महोदय, उच्च स्तरीय खेल स्टेडियम और ट्रेनिंग ट्रैक नहीं होने के कारण सेना भर्ती शिविर का भी आयोजन संभव नहीं हो पा रहा है ।

अतः मेरा माननीय खेल मंत्री जी से अनुरोध है कि खेलो इंडिया योजना अंतर्गत बागपत को भी शामिल करते हुए, बागपत जिला में नवीन उच्च स्तरीय खेल स्टेडियम खोले जाने की स्वीकृति प्रदान कर अनुग्रहित करें ।